# तेरी जुदाई ने श्याम | by Neeraj Nirala Yadav

तू तो दया का सागर है महिमा तेरी उजागर है
तूने क्या जादू किया श्याम तेरी जुदाई ने रोना सुबह शाम कर दिया

तेरी जुदाई ने रोना सुबह शाम कर दिया
ग़म ने तुम्हारा मेरे दिल में मुकाम कर दिया
तेरी जुदाई ने..................

तुम तो जानते दर्द मेरा ध्यान धरूँ हर पल मैं तेरा
तू तो दया का सागर है महिमा तेरी उजागर है
तूने जाने क्या जादू मेरे श्याम कर दिया
तेरी जुदाई ने..................

छोड़ना न कभी साथ मेरा हाथ में रखना हाथ मेरा
ये है मेरी अरदास प्रभु रहना तू मेरे साथ प्रभु
अपने दिल में मैंने तेरा ही मुकाम कर लिया
तेरी जुदाई ने..................

तुम हो भक्तों के हितकारी श्याम मेरे लखदातारी
सबकी लाज बचाई है तू सबका हमराही है
नीरज ने अपना जीवन तेरे नाम कर दिया
तेरी जुदाई ने..................

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%9c%e0%a5%81%e0%a4%a6%e0%a4%be%e0%a4%88-%e0%a4%a8%e0%a5%87-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-by-neeraj-nirala-yadav/